__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date- Class - VI
Subject- Hindi Language Page -1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक नवतरंग भाग - 6
अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ( जो कभी न मरे से जो चित्र बनाता हो )

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको ________ को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।
बच्चो ! माँ और बेटी की इस वार्तालाप को ध्यान से सुनो एवं समझो।
बेटी :- माँ मेरी सखी बहुत मीठा बोलती है। वह अच्छे आचरण वाली है।
माँ :- इसका अर्थ यह हुआ कि वह मृदुभाषी और सदाचारी है।
बेटी :- वह मेरी ऐसी सखी है जिस पर विश्वास किया जा सकता है। ईश्वर उसे लंबी आयु

Scanned with CamScanner

Date-    Class- VI
Subject - Hindi Language    Page -2.
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

दें।
माँ :- हाँ, वह विश्वसनीय है। वह दीर्घायु हो।
बच्चो! इस वार्तालाप में आप देख रहे हैं कि कई बार अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए पूरा एक वाक्य बोलने के स्थान पर एक ही शब्द पर्याप्त होता है। इससे हमारी भाषा सुगठित और सुंदर बनती है तथा कथन भी प्रभावशाली हो जाता है। जैसे ऊपर वाक्य में मेरी सखी मीठा बोलती है के लिए मेरी सखी मृदुभाषी है, ज्यादा प्रभावशाली लग रहा है।
इस प्रकार :-
अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द अथवा वाक्यांश के लिए एक शब्द कहलाते हैं।
जैसे :-
- राष्ट्र से संबंधित – राष्ट्रीय
- गीत रचने वाला – गीतकार
- जो जल बरसाता हो – जलद

बच्चो! मैंने आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के बारे में जो समझाया, उसके आधार पर मैं आपको कुछ प्रश्न दूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।
प्रश्न-1. भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर किनका प्रयोग किया जाता है?
प्रश्न-2. 'जो मीठा बोलता है', के लिए एक शब्द लिखें।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -
Class - VI
Subject - Hindi Language
Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

प्रश्न - 3. 'जलद' शब्द का वाक्यांश लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय खत्म हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग किया जाता है।

उत्तर - 2. मृदुभाषी

उत्तर - 3. जो जल बरसाता है।

बच्चो ! अब मैं आपको कुछ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

| | अनेक शब्द | एक शब्द |
|---|---|---|
| 1. | जो कभी न मरे | अमर |
| 2. | जो पढ़ा - लिखा न हो | अनपढ़ |
| 3. | जो अक्षर जानता है | साक्षर |
| 4. | जो दूसरों पर अत्याचार करे | अत्याचारी |
| 5. | जो दिखाई न दे | अदृश्य |
| 6. | जो कभी नष्ट न हो | अनश्वर |
| 7. | जो कम बोलता हो | मितभाषी |
| 8. | जो अधिक बोलता हो | वाचाल |
| 9. | जो देखने योग्य हो | दर्शनीय |
| 10. | जो कुछ न करता हो | अकर्मण्य |

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -                                                    Class - VI
Subject - Hindi Language                        Page - 4
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 11. | जो मान - सम्मान के योग्य हो | माननीय |
| 12. | जो नष्ट न होने वाला हो | अविनाशी |
| 13. | जो परिचित न हो | अपरिचित |
| 14. | जो वन में घूमता हो | वनचर |
| 15. | जो दो भाषाएँ जानता हो | दुभाषिया |
| 16. | जो धर्म का काम करे | धर्मात्मा |
| 17. | जो कठिनाई से प्राप्त हो | दुर्लभ |
| 18. | जो कभी नष्ट न हो | अनश्वर |
| 19. | जो उदार न हो | अनुदार |
| 20. | जो चित्र बनाता हो | चित्रकार |

बच्चो ! मैंने आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' करवा दिए हैं । आशा है आपको यह अच्छे से समझ आ गए होंगे । अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप सभी अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे ।

गृह कार्य :-

- बच्चो ! आप इन सभी 20 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे ।

धन्यवाद

Last page.

Scanned with CamScanner